


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 562 वर्ष 42 — राँची, 30 नवम्बर, 2020

# कोल इंडिया/सीसीएल का 46वाँ स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## खदान सुरक्षा में सीसीएल को "कॉरपोरेट सेफ्टी अवार्ड" का प्रथम पुरस्कार




स्थापना दिवस पर शहीद स्मारक पर दिवंगत कर्मियों को फूल चढ़ाते एवं गुब्बारे उड़ाते अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद

01 नवंबर,2020 को कोल इंडिया/ सीसीएल के 46वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय दरभंगा हाउस, राँची के परिसर में सामाजिक दूरी के का अनुपालन करते हुए भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अप्रनि सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक–तकनीकी (संचालन), श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक–तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक–वित्त श्री एन.के. अग्रवाल सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधकगण/विभागाध्यक्ष, श्रमिक–संघों के प्रतिनिधि, अधिकारीगण तथा सीसीएल कर्मियों ने दरभंगा हाउस परिसर स्थित "शहीद स्मारक" पर सीसीएल के दिवंगत कर्मवीर सपूतों को स्मरण करते हुए अमर–ज्योति प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। स्थापना–दिवस का आयोजन मुख्यालय सहित सीसीएल के समस्त क्षेत्रों एवं ईकाईयों में सोत्साह मनाया गया।

अप्रनि, श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में सभी को स्थापना–दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गर्व एवं खुशी का दिन है। श्री प्रसाद ने आगे यह भी कहा कि सीसीएल उत्तरोत्तर तरक्की कर देश की ऊर्जा–आकांक्षाओं को पूरा करने के उत्तरदायित्व का सफल निर्वहन कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें राज्य सरकार, श्रमिक प्रतिनिधिगण एवं स्टेकहोल्डर्स का सदैव सहयोग मिलता आया है। श्री प्रसाद ने कहा कि कंपनी इस वर्ष नवम्बर माह में विगत नवम्बर 2019 की तुलना में अधिक उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु हरसंभव प्रयत्न करेगी। श्री प्रसाद ने बल देते हुये कहा कि सीसीएल निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करते हुये कोल इंडिया के एक बिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने में अपना बहुमूल्य योगदान देगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पी.एम. प्रसाद, अप्रनि, सीसीएल ने मुख्यालय में कोल इंडिया का झंडा फहराया। सीसीएल एवं विभिन्न क्षेत्रों में झंडोत्तोलन निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल एवं अन्य महाप्रबंधकों द्वारा किया गया। अवसर विशेष पर शांति एवं विकास के प्रतीक स्वरूप गुब्बारे उड़ाये गए।

कोल इंडिया द्वारा सीसीएल को खदान सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु 'कॉरपोरेट सेफ्टी अवार्ड' के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीसीएल के मगध–आम्रपाली क्षेत्र को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया। खदान–सुरक्षा में उल्लेखनीय कार्यनिष्पादन हेतु महाप्रबंधक (सुरक्षा), श्री एस.वी. मराठे को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया गया, जबकि श्रीमती सिब्रिया लकड़ा, ई.पी. टर्नर, एन.के. क्षेत्र को 'बेस्ट महिला ऑपरेटर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# कोल इंडिया अध्यक्ष का सीसीएल दौरा

## कोल इंडिया अध्यक्ष द्वारा सीसीएल के कार्य–निष्पादन की समीक्षा

21 नवम्बर को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने सीसीएल के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक की। बैठक में सीसीएल के अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, महाप्रबंधक/अध्यक्ष कोल इंडिया के तकनीकी सचिव श्री एम. के. सिंह, अप्रनि के तकनीकी सचिव श्री एम. वी. रजिमवाले सहित सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष सामाजिक दूरी का पालन करते हुए उपस्थित थे।

सीसीएल के अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद ने कोल इंडिया अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल का स्वागत किया। बैठक के दौरान श्री प्रसाद ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के कोयला उत्पादन, एमडीओ (माईन डेवलपर एंड ऑपरेटर) मोड संबंधित प्रोजेक्ट, भूमि अधिग्रहण, नये वाशरी आदि विषय पर विस्तृत से जानकारी दी।

समीक्षा बैठक में श्री प्रमोद अग्रवाल ने उपस्थित सभी महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षों को प्रेरित करते हुये आवश्यक दिशा–निर्देश दिया जिससे कंपनी अपने कोयला–उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। श्री अग्रवाल ने परियोजना विस्तारिकरण, नये परियोजनाओं के उत्पादन क्षमता आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

अप्रनि श्री प्रसाद ने कहा कि सीसीएल अपने लक्ष्य की ओर सतत अग्रसर है। उन्होंने समस्त क्षेत्रों के कोयला उत्पादन एवं अन्य बिन्दुओं पर अध्यक्ष, कोल इंडिया को अवगत कराया। श्री प्रसाद ने कहा कि सरकार, स्थानीय लोगों एवं सभी स्टेकहोल्डर्स का सहयोग कंपनी को मिलता आ रहा है।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण समारोह

06 नवम्बर, 2020 को सीसीएल मुख्यालय सहित समस्त क्षेत्रों एवं ईकाईयों में 27 अक्टूबर से 02 नवंबर तक चले 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020' का समापन–सह–पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल, निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन, मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष सहित अन्य सीसीएल कर्मी सामाजिक दूरी का पालन करते हुए उपस्थित रहे।

अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद ने उपस्थित सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि 'सतर्क भारत : समृद्ध भारत' के अभियान को सफल बनाने हेतु हम सभी को वर्षपर्यंत सतर्कता पूर्वक संपूर्ण ईमानदारी, सत्यनिष्ठा एवं जागरूकता के साथ कार्यनिष्पादन करना है।

सीवीओ श्री एस.के.सिन्हा ने सीसीएल में सतर्कता संबंधी विभिन्न कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि कंपनी के सभी कार्मिक विनिर्मित नियमों का अनुपालन कर सत्यनिष्ठ अधिकारी एवं सत्यनिष्ठ कर्मचारी होने का परिचय दें।

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह ने कहा कि हमें सरल एवं सहज कार्यशैली से कंपनी का कार्य निर्बाध रूप से करना है। उन्होंने कहा कि सतर्कता हेतु जागरूकता सप्ताह केवल निश्चित सप्ताह में नहीं अपितु पूरे वर्ष मनाने की आवश्यकता है।

निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल ने कहा कि सीसीएल को और समृद्ध बनाने हेतु हम सभी को सतर्क होकर कार्य करना होगा और सतर्कता सप्ताह के दौरान बताए गए नियम–क़ानूनों को अपने कार्य में चरितार्थ करना होगा।



सतर्कता जागरूकता समापन समारोह में दीप प्रज्ज्वलित करते अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद

निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन ने कहा कि भारतवर्ष में युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और देश की तस्वीर बदलकर एक सशक्त एवं समृद्ध भारत का निर्माण में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

समारोह में पेंटिंग, स्लोगन तथा अन्य प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन मुख्य प्रबंधक श्री नवनीत कुमार ने किया।

# माननीय राष्ट्रपति के साथ सीसीएल कर्मियों ने "उद्देशिका" पढ़ 71वाँ संविधान दिवस मनाया




संविधान दिवस के अवसर पर "उद्देशिका" पढ़ते हुए अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद एवं सीसीएल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण

26 नवंबर को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में 'संविधान दिवस' के शुभ अवसर पर माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द के साथ सीसीएल के अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद सहित निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी. के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन. के. अग्रवाल, सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा सहित सभी कमान क्षेत्रों के सीसीएल कर्मियों ने भारतीय संविधान की 'उद्देशिका' का पाठ किया एवं उसके मूल्यों को आत्मसात करने का प्रण लिया।

## संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर 'परिचर्चा'

संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची स्थित 'कन्वेंशन सेन्टर' में 'संवैधानिक मूल्यों एवं भारतीय संविधान के मौलिक सिद्धांत '(Constitutional Values and Fundamental Principles of Indian Constitution)' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। आमंत्रित विशिष्ट वक्ता – श्री अजित कुमार, पूर्व महाधिवक्ता, झारखंड सरकार ने इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर अप्रनि सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी. के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के.अग्रवाल, सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा सहित मुख्यालय स्थित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधकगण/विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए इस परिचर्चा में सम्मिलित हुए। श्री विनय रंजन, निदेशक (कार्मिक) वीसी द्वारा इस परिचर्चा से जुड़े रहे। समस्त क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण अपनी टीम सहित वीसी के माध्यम से इस परिचर्चा में सम्मिलित हुए ।

# निदेशक (कार्मिक) की अध्यक्षता में 'कल्याण बोर्ड' की बैठक

06 नवम्बर, 2020 को सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, दरभंगा हाउस स्थित 'कन्वेंशन सेंटर' में कल्याण बोर्ड (वेलफेयर बोर्ड) की बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता निदेशक (कार्मिक) सीसीएल श्री विनय रंजन ने की। कोरोना वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते एवं सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कल्याण बोर्ड के माननीय सदस्यगणों ने इस बैठक में भाग लिया।

बैठक में मुख्यरूपेण स्वास्थ्य, पेयजल एवं आवासीय सुविधा आदि मामलों पर विचार किया गया। सभी सदस्यों ने अपने क्षेत्र संबद्ध मामलों से अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया। निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन ने सदन को आश्वस्त किया कि ज्वलंत समस्याओं का अविलंब निराकरण किया जायेगा तथा इस संबंध में उन्होंने अपने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये।

बैठक में सीसीएल प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री उमेश सिंह, महाप्रबंधक (कल्याण) डॉ ए. के. सिंह, महाप्रबंधक (सीडी एंड सीएसआर) श्री ए. के. सिंह, महाप्रबंधक (सामाजिक सुरक्षा) श्री यू. पी. नारायण, महाप्रबंधक (समाधान) सुश्री रश्मि दयाल एवं अन्य उपस्थित थे।

सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)